गुरुवार

15 दिसंबर, 2022

डिजिटल संस्करण

केशव टाइम्स

आपकी आवाज




केशठ में बिना काम कराए ही पइन खुदाई की निकाली राशि 3


प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ मिथिलांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


**शराबबंदी वाले बिहार का हश्र: इतनी बड़ी संख्या में हुई मौतों के बाद प्रदेश से लेकर देश स्तर पर मची खलबली**

# छपरा में जहरीली शराब से 28 लोगों की मौत

- सदर अस्पताल छपरा, निजी क्लीनिक व पटना में चल रहा कई लोगों का इलाज
- बोले लोग- वेंडर अलग-अलग स्थल पर शराब पहुंचाते हैं, फिर एजेंट से लोगों तक पहुंचती है
- कई शराब कारोबारी गिरफ्तार, शराब की तलाश में कई जगह गड्ढे खुदवा रही पुलिस

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के छपरा जिले में जहरीली शराब पीने से मंगलवार की रात से बुधवार की शाम तक 28 लोगों की मौत हो गयी। मृतकों का आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। इतनी बड़ी संख्या में हुई मौतों के बाद प्रदेश से लेकर देश स्तर पर खलबली मची है। हर किसी की जुबान पर बस एक ही बात है कि आखिर शराबबंदी वाले राज्य बिहार में ये कैसी शराबबंदी है। शराबबंदी के नाम पर इसका माखौल उड़ा जा रहा है। एक ओर जहां अपनों के मरने पर परिजनों के बीच चीख-पुकार से पूरे इलाके में मातम का माहौल है। वहीं दूसरी ओर अस्पताल में इलाज कराने वाले कुछ लोगों की आंखों की रोशनी कम होने की भी शिकायत मिल रही है।

मरने वालों की संख्या को लेकर न आधिकारिक तौर पर पुष्टि की जा रही है और न परिजन शराब से मौत की बात कबूल कर रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही शराब से मौत होने की पुष्टि की बात प्रशासनिक स्तर पर भी कही जा रही है। मरने वाले 28 लोगों में सबसे ज्यादा मशरक के 19 और शेष 9 लोग इसुआपुर, अमनौर व मढौरा के शामिल हैं। अभी भी कई लोगों का इलाज सदर अस्पताल छपरा, निजी क्लीनिक व पटना में चल रहा है और स्थिति गंभीर बनी हुई है। कुछ लोगों को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा गया है। घटना के बारे में लोगों का कहना है कि वेंडर अलग-अलग स्थलों पर शराब पहुंचाते हैं और फिर एक एजेंट के जरिए वह लोगों के पास पहुंचती है। इसी क्रम में इन इलाकों में शराब पहुंचने के बाद लोग एक साथ बैठ कर भोजन किये। मंगलवार को कुछ लोगों की तबीयत बिगड़ी और कुछ की स्थिति बुधवार को गंभीर हो गयी। देखते-देखते 28 लोगों ने जान गंवा दी।



## डीएम-एसपी ने लोगों से मिल घटना की ली जानकारी

घटना की सूचना मिलने के बाद घटनास्थल के लिए डीएम राजेश मीणा व एसपी संतोष कुमार वरीय पदाधिकारियों के साथ इन क्षेत्रों में पहुंच गए और लगातार कैंप कर रहे हैं। अलग-अलग क्षेत्रों में मरने वाले लोगों के परिजनों ने डीएम व एसपी ने बात कर जानकारी भी ली। शराब कांड के मामले की जांच के लिए एक टीम का भी गठन कर दिया गया है। शराब पीने से लोगों की जान जाने के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने कई जगह गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की। इस मामले में शराब कारोबारियों की भी गिरफ्तारी की गई। चार शराब कारोबारी को इस दौरान पकड़ा गया है। पुलिस मशरक के बहरौली में कई स्थानों पर जेसीबी से गड्ढे खुदवा रही है ताकि जमीन के अंदर छिपाकर रखी गयी शराब के बारे में पता चल सके।

## जहरीली शराब पीने से इनकी हुई मौत

1 दूधनाथ, पिता- महावीर तिवारी
2 शैलेन्द्र राय, पिता दीनानाथ राय
3 हरेंद्र राम, पिता गणेश राम
4 भरत, पिता गोपाल साह
5 नसीर, पिता शमशुद्दीन मियां
6 रामजी साह, पिता गोपाल साह
7 भरत राम, पिता मोहर राम,
8 अजय गिरि, पिता सूरज गिरि
9 सीताराम राय, पिता सिपाही राय
10 एकराकुल हक, पिता मकसूद
11 चंदेश्वर साह, पिता भिखार साह
12 जगलाल साह, पिता भरत साह
13 अनिल ठाकुर, पिता परमा ठाकुर
14 कुणाल सिंह, पिता जद्दु सिंह
15 मनोज, पिता लालबहादुर राम
16 गोविंदा, पिता घिनावन राय
17 रमेश राम, पिता कन्हैया राम, बेन छपरा
18 ललन राम, पिता करीमन राम, शियरभुक्का
19 जयदेव सिंह, पिता बिन्दा सिंह, बेन छपरा

**नोट: ऊपर के सभी लोग मशरक के रहनेवाले थे।**

20 संजय कुमार सिंह, पिता वकील सिंह, डोयला, इसुआपुर
21 अमित रंजन उर्फ रूनू, पिता द्विजेन्द्र सिन्हा, डोयला इसुआपुर
22 बिचेन्द्र राय, पिता नरसिंह राय, डोयला, इसुआपुर
23 प्रेमचंद पिता मुन्नीलाल साह, रामपुर अटौली, इसुआपुर
24 दिनेश ठाकुर, पिता अशर्फी ठाकुर महुली इसुआपुर
25 उपेन्द्र राम, पिता- अक्षलाल राम, अमनौर
26- उमेश राय, पिता- शिवपूजन राय, अमनौर
27- सलाउद्दीन मियां, पिता वकील मियां, अमनौर
28- विक्की महतो, पिता- सुरेश महतो, मढौरा

# शराब से मौत के सवाल पर सीएम ने आपा खोया, बोले- क्या हो गया?

छपरा में जहरीली शराब से मौत को लेकर विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। शराबबंदी वाले बिहार में बीजेपी ने इस मुद्दे पर नीतीश सरकार पर जमकर निशाना साधा। इसके बाद नीतीश कुमार को गुस्सा आ गया। वे बीजेपी नेता पर आगबबूला हो गए। नीतीश ने बीजेपी पर निशाना साधते हुए कहा कि आप सभी पहले शराबबंदी के पक्ष में थे। अब क्या हो गया है? इसके बाद बीजेपी विधायकों ने वॉकआउट कर दिया। बीजेपी के विधायकों ने सदन के बाहर कई मुद्दों पर विरोध प्रदर्शन किया।

**आपस में भिड़े नीतीश और विजय सिन्हा:** सदन में सीएम नीतीश और विपक्ष के नेता विजय सिन्हा आपस में भिड़ गये। मुख्यमंत्री ने सदन में भाजपा सदस्यों को तुम-तड़ाक किया था। इससे गुस्साये विपक्ष के नेता विजय सिन्हा ने नीतीश कुमार से सदन में माफी मांगने को कहा। माफी मांगने की बात मुख्यमंत्री जैसे ही सुने वे फिर से जोर-जोर से बोलने लगे। मुख्यमंत्री ने ने कहा कि हम क्यों माफी मांगेंगे, तुम मांगो माफी। स्पीकर अवध बिहारी चौधरी ने भी सीएम नीतीश की हां में हां मिलाते हुए कहा कि सदन के नेता ने कोई गलत बात नहीं कही है।

**सीएम बोले- भाजपा के नेता ही बिकवा रहे शराब:** प्रश्नकाल के दौरान नीतीश कुमार और विपक्षी सदस्य भिड़ गए। सीएम नीतीश सदन में फिर से गुस्सा गये और भाजपा सदस्यों से कहा कि तुमलोग ही शराब बिकवा रहा है। तुमलोग शराबी हो। अब बर्दाश्त नहीं करेंगे। दरअसल, बीजेपी विधायक बिहार में शराबबंदी के फेल होने और जहरीली शराब का मामला उठाया। भाजपा विधायक शराब से हो रही मौत पर मुआवजा मांग रहे थे। इसी से नीतीश भड़क गये।



## लोकसभा में बोले भाजपा नेता... मौत के लिए राज्य सरकार जिम्मेवार

लोकसभा में भाजपा के दो सदस्यों ने बिहार के छपरा जिले में कथित रूप से जहरीली शराब पीने से कुछ लोगों की मौत का मुद्दा उठाते हुए इसके लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया। शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाते हुए भाजपा के राजीव प्रताप रूड़ी ने कहा कि बिहार में शराबबंदी है जिससे कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन उसके कारण शराब का अवैध व्यापार होता है और लोगों की मौत होती है जो चिंता की बात है।

उन्होंने कहा कि जहरीली शराब पीने से लोगों की मृत्यु के मामले आते हैं और पूरे बिहार में मातम का माहौल है। रूड़ी ने कहा कि गुजरात में भी शराबबंदी है लेकिन वहां नकली शराब पीने से मौत का एक भी मामला नहीं आता क्योंकि सरकार की नीयत साफ है। बिहार के छपरा से लोकसभा सदस्य जनार्दन सिग्रीवाल ने भी इस मुद्दे को उठाते हुए दावा किया कि उन्हें सूचना मिली है कि उनके संसदीय क्षेत्र में जहरीली शराब पीने से अब तक 35 लोगों की मौत हो चुकी है और दर्जनों अस्पतालों में हैं।

# पटना में दो प्रॉपर्टी डीलर भाइयों और उनके पिता को मारी गोली

**बिहार में अपराधी बेलगाम, हर दिन हो रही हत्या और लूट की घटनाएं**

- फुलवारीशरीफ थाना क्षेत्र के न्यू शाहबाजपुरा की घटना
- अपराधियों ने घर में घुसकर ताबड़तोड़ की फायरिंग
- इलाज के दौरान एक की मौत, दो की हालत गंभीर

**केटी न्यूज/पटना**

फुलवारीशरीफ थाना के बीएमपी-16 के पास स्थित न्यू शाहबाजपुरा में रहने वाले दो प्रॉपर्टी डीलर भाइयों और उनके पिता को घर में घुसकर अपराधियों ने गोलियों से भून डाला। सूत्रों के अनुसार, इस घटना के पीछे सुपारी किलरों का हाथ है। मोटी रकम देकर किसी ने मंटू के घर तीनों की हत्या करने के लिए भेजा। मंटू के पास लाइसेंसी पिस्टल है। जब उनपर और उनके पिता पर गोलियां चलने लगीं तो उन्होंने भी एक-दो फायर किया। जिससे अपराधी अपनी एक मोटरसाइकिल छोड़कर भाग खड़े हुए।

आनन-फानन में आसपास के लोगों ने तीनों को इलाज के लिए पटना के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान एक पुत्र की मौत अस्पताल में हो गई, जबकि एक बेटा एवं पिता गंभीर अवस्था में अस्पताल में इजाजत हैं। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मिली जानकारी के अनुसार जमीन कारोबारी मंटू शर्मा (50 वर्ष) अपने छोटे भाई संजीव शर्मा (40 वर्ष )और पिता सुधीर सिंह (70 वर्ष) के साथ घर पर नीचे के एक कमरे में बैठे थे। मंगलवार की रात्रि अचानक दो मोटरसाइकिल से चार अपराधी उनके घर में घुसे और ताबड़तोड़ उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मामला जमीनी विवाद से जुड़ा बताया जा रहा है।

# शादी समारोह से लौट रहे तीन दोस्तों की सड़क हादसे में मौत

- छपरा मुजफ्फपुर मुख्य मार्ग पर गड़खा थाना क्षेत्र के कटसा में हुई घटना
- तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से तीनों की घटनास्थल पर ही मौत

**केटी न्यूज/छपरा**

छपरा में भीषण सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है, इसमें 3 लोगों की मौत हो गई। तीनों दोस्त, शादी समारोह में शामिल होकर वापस अपने घर आ रहे थे। तभी छपरा-मुजफ्फरपुर मुख्य मार्ग पर कटसा में दुर्घटना के शिकार हो गए।

मृतकों की पहचान गरखा थाना क्षेत्र के कुदरबघा गांव निवासी आयुष सिंह (24वर्ष) पिता सतीश सिंह और कदना गांव निवासी नीरज कुमार (24वर्ष) पिता रामविचार सिंह ,उत्तम कुमार (22वर्ष) पिता गणेश सिंह के रूप में हुआ है। तीनों युवक मकेर के मसूरिया से शादी समारोह से लौट रहे थे। तभी अनियंत्रित ट्रक ने रौंद दिया।

घटना के बारे में मृतक के परिजनों ने बताया कि तीनों दोस्त थे अपने किसी दोस्त के शादी समारोह में शामिल होने मकेर थाना क्षेत्र के मसूरिया गांव में गए थे। वहां से लौटने के बाद अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जहां तीनों युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। तीनों युवक एक ही बाइक पर सवार थे। एक साथ तीन युवक के मौत के बाद पूरे क्षेत्र में कोहराम मच हुआ है।

## दिल्ली में बात करने से मना करने पर लड़के ने छात्रा पर फेंका तेजाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका इलाके में बाइक सवार युवकों ने छात्रा पर तेजाब फेंक दिया। घटना बुधवार सुबह की है। पीड़ित को सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया है। दिल्ली पुलिस के अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे हैं। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि युवती ने मुख्य आरोपी सचिन से बात करने से मना कर दिया था, जिसके बाद आरोपी ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर खौफनाक योजना बना ली।

विशेष पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) सागरप्रीत हुड्डा ने बताया कि मुख्य आरोपी सचिन और युवती में दोस्ती थी। कुछ दिनों पहले किसी बात पर युवती ने सचिन से बात करनी बंद कर दी। इसके बाद सचिन उसे बात करने के लिए परेशान करने लगा। इस पर भी युवती नहीं मानी तो सचिन ने अपने दोस्तों हर्षित और वीरेंद्र सिंह के साथ मिलकर छात्रा पर तेजाब हमला करने की योजना बना ली।

इस मामले में भारतीय जनता पार्टी के सांसद गौतम गंभीर ने आरोपियों को सबके सामने फांसी पर लटकाने की मांग की है। पूर्व क्रिकेटर और सासंद गौतम गंभीर ने कहा कि छात्रा पर एसिड फेंकने वाले व्यक्तियों को सार्वजनिक रूप से फांसी दी जानी चाहिए।

# भागलपुर में ट्रक में रखे सिलेंडर एक-एक कर करते रहे ब्लास्ट, ड्राइवर के चिथड़े उड़े

**केटी न्यूज/भागलपुर**

बिहार के भागलपुर में मंगलवार की देर रात एक ट्रक में रखे कई सिलेंडर एक एक कर फटने लगे। घटना नारायणपुर के भवानीपुर थाना क्षेत्र के सतीश नगर की है। घटनास्थल से थोड़ी ही दूरी पर पेट्रोल पंप भी है। गैस सिलेंडर में भीषण आग लगते ही धमाके से पूरा इलाका दहल उठा। इलाके में भगदड़ का माहौल हो गया। आग की तेज लपटें कुछ दूर से ही दिख रही थी। हादसे में ट्रक के चालक के चिथड़े उड़ गए। घटना रात करीब 2.30 से तीन बजे की बताई जा रही है। एनएच-31 पर हुई इस घटना के बाद दोनों ओर गाड़ियों को रोक दिया गया। कहा जा रहा है कि 30-35 सिलेंडर ब्लास्ट हुए हैं। हालांकि जांच के बाद पता चलेगा कि ट्रक पर कितने सिलेंडर लोड थे।

जानकारी के अनुसार आसपास के रहने वाले किसान अपने मवेशियों को लेकर आनन-फानन में किसी तरह वहां से जान बचाकर भागे। कहा कि पहले तो उन्हें लगा कि कहीं बम का धमाका हो रहा है। थोड़ी देर बाद पता चला कि गैस सिलेंडर ब्लास्ट हुआ है। ब्लास्ट की घटना के बाद बुधवार की सुबह सड़क पर कई सिलेंडर पड़े हुए थे। रसोई गैस से लदे ट्रक को चलाने वाला चालक मुंगेर के शंकरपुर गांव का रहने वाला मंटू यादव था। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची. आग बुझाने के लिए चार दमकल की गाड़ी पहुंची. काफी मशक्कत के बाद पूरी तरह से आग पर काबू पाया गया. इसके बाद आवागमन बहाल हो सका।

## 22 को बोधगया आ रहे दलाई लामा

**गया।** 22 दिसंबर को बौद्धधर्म गुरु दलाईलामा बोधगया आ रहे हैं। वह लगातार चार सप्ताह तक यहां प्रवास करेंगे। साथ ही 29, 30 और 31 दिसंबर को वे कालचक्र मैदान में प्रवचन देंगे। दलाईलामा का प्रवास और उनके प्रवचन कार्यक्रम को देखते हुए बोधगया की सुरक्षा व्यवस्था तेजी से सुदृढ़ की जा रही है। डीएम व एसएसपी ने कहा है कि दलाई लामा की टीचिंग सुनने व बोधगया में पूजा अर्चना करने को आने बौद्ध श्रद्धालुओं की सुविधा व सुरक्षा में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। इस मसले पर सभी अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

# चलते-चलते अचानक दो हिस्सों में बंट गई ट्रेन

- सुल्तानगंज में मालदा-किउल इंटरसिटी एक्स. की कपलिंग खुल जाने से हुई घटना
- यात्रियों के बीच मची अफरा तफरी, भागलपुर-किउल रेलखंड पर एक घंटे ठप रहा परिचालन

**केटी न्यूज/भागलपुर**

भागलपुर-किउल रेलखंड पर बुधवार सुबह बड़ा हादसा होने से बच गया। भागलपुर जिले के सुल्तानगंज में मालदा-किउल इंटरसिटी एक्सप्रेस की कपलिंग खुल गई। ट्रेन दो हिस्सों में बंट गई। इससे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। वे ट्रेन से उतरकर पटरियों पर आ गए। इस वजह से ट्रेन रूट करीब एक घंटे तक बाधित रहा। जानकारी के मुताबिक मालदा-किउल इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार सुबह 10.42 बजे सुल्तानगंज रेलवे स्टेशन से खुली। स्टेशन से आगे करीब दो किलोमीटर बाद ही ट्रेन की कपलिंग खुल गई। इस कारण करीब एक घंटे तक रेलखंड पर परिचालन बाधित रहा।

सुबह 11.17 बजे सुबह सुल्तानगंज स्टेशन पर बांका-राजेंद्र नगर इंटरसिटी एक्सप्रेस पहुंची, लेकिन उसे 11.49 बजे तक वहीं पर रोका गया। कंपलिंग खुलने से इंटरसिटी के गार्ड और जनरल कोच की चार बोगियों को छोड़कर इंजन 15 बोगियों को लेकर आगे बढ़ गई। आभास होने पर करीब सौ मीटर की दूरी पर लोको पायलट ने ट्रेन रोकी। इसके बाद रेलवे अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन मे मौके पर स्टेशन की तरफ से टेक्निकल और पदाधिकारियों की टीम पहुंची। इसके बाद कपलिंग जोड़ने का काम शुरू हुआ। करीब 11.34 बजे इंटरसिटी को कपलिंग जोड़ने के बाद रवाना किया गया। हादसा सुल्तानगंज स्टेशन और गनगिनयां हॉल्ट के बीच इलेक्ट्रिक पोल संख्या 303 के समीप हुआ। कंपलिंग खुलने के बाद ट्रेन के सारे यात्री उतर गए। उनके बीच अफरातफरी की स्थिति हो गई। यात्री अपने परिजनों की सूचना लगातार दे रहे थे। घटना की बाबत रेल पदाधिकारियों ने मुख्यालय को भी अवगत कराया है। इस मामले की जांच के लिए मुख्यालय ने निर्देशित किया है।




## एक नजर

### मछली मारने के दौरान काव नदी में डूबने से दो की मौत, बेटे को बचाने में पिता की गई जान



**सासाराम।** जिले के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के काव नदी में डूबने से बाप-बेटे की मौत हो गई। घटना बुधवार दोपहर की है, बताया जा रहा है कि बाप-बेटे काव नदी में मछली मारने गए थे, इस क्रम में गहरे पानी में चले गए और डूब गए। मृतकों की पहचान बिक्रमगंज नगर परिषद क्षेत्र के गोसाई मुहल्ले के संजय सोनी 42 साल और उसका बेटा अनमोल सोनी 16 साल के रूप में की गई है। दोनों बाप-बेटे दोपहर में शौकिया तौर पर काव नदी में मछली मारने गए थे। इस क्रम में पहले बेटा अनमोल गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा, बेटे को डूबता देख उसे संजय सोनी उसे बचाने के लिए गए, लेकिन बेटे को बचाने की कोशिश में वो भी डूब गए। नदी किनारे खेलते बच्चों ने इन्हें डूबता देखा और शोर मचाया। बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने गोताखोर बुलाया। गोताखोरों की सहायता से पहले बाप फिर बेटे का शव निकाला गया। पुलिस ने दोनों शवों को लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया। बिक्रमगंज के गोसाई मोहल्ले में मृतकों के घर जब मौत की सूचना पहुंची तो कोहराम मच गया। संजय सोनी दो बेटे और दो बेटी के पिता थे। उनकी बिक्रमगंज में कपड़े की दुकान है। घर में एक साथ दो मौत के बाद मातम की स्थिति है। परिजनों का रो-रो की बुरा हाल है।

### कुएं से बरामद हुआ 24 घंटे से गायब दो युवकों का शव, जांच में जुटी पुलिस



**सासाराम।** जिले के दिनारा प्रखंड के नटवार थाना से महज एक किलोमीटर दूरी पर बुधवार शाम पुलिस ने एक कुआं से दो युवकों का शव बरामद किया है। दोनों युवक 24 घंटे से लापता थे, बुधवार की शाम उनके पुलिस व दोस्तों की मदद से दोनों युवकों का शव कुआं से बरामद किया गया। जिसके शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं है। युवक के पॉकेट में मोबाइल फोन व गर्दन में सोने का चेन भी बरामद किया गया है। मृतक मुरादाबाद गांव निवासी छेटू कुमार व दूसरा नगर थाना क्षेत्र के कंपनी सराय मोहल्ला निवासी आदित्य सिंह बताया गया है। एक युवक की पहचान सासाराम के कंपनी सराय मुहल्ले के आदित्य सिंह के रूप में की गई है, जबकि दूसरा मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मुरादाबाद गांव का छोटू कुमार बताया जाता है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि दोनों युवक नटवार के लिए अपनी गाड़ी से मंगलवार को घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक घर वापस नहीं लौटे। दूसरे दिन परिजनों द्वारा दोस्तों से संपर्क किया गया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। उसके बाद उन्हें खोजते हुए परिजन नटवार पहुंचे। वहां उनके बाइक बरामद होने की बात पता चली।

### पुल का रेलिंग तोड़ नदी में गिरा ट्रक, पानी कम होने के कारण बचे चालक और खलासी



**सासाराम।** जिले के डेहरी मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमुहार स्थित सीता बिगहा के समीप बुधवार शाम पूल का रेलिंग तोड़ते हुए एक 14 चक्का ट्रक काव नदी में जा गिरा। घटना सासाराम-डेहरी के बीच में पुरानी जीटी रोड पर घटी। काव नदी में पानी कम होने के कारण ट्रक के चालक व खलासी बाल-बाल बच गए हैं, लेकिन चोटिल चलक एवं उसके सहायक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। बताते हैं कि बड़ा ट्रक जब काव नदी में गिरा तब जबरदस्त आवाज हुई, मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए। ग्रामीणों की सहायता ट्रक के चालक एवं उसके सहायक को बाहर निकाला गया। ट्रक मालिक उमेश कुमार ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि उनका ट्रक झारखंड के डाल्टनगंज गिट्टी लेकर कोचस प्लांट में जा रहा था। इस क्रम में पुरानी जीटी रोड जमुहार के समीप अनियंत्रित होकर ट्रक रेलिंग तोड़ते नदी में जा गिरा। घटना के बाद चालक व खलासी ने किसी तरह अपनी जान बचाई है। इधर पूरी तरह से पुल का रेलिंग टूटने के बाद व्यस्ततम पुरानी जीटी रोड पर हादसे की आशंका बढ़ गई है। मुफस्सिल थाना अध्यक्ष ने बताया कि पुल का रेलिंग तोड़कर नदी में गिरने की लिखित शिकायत अब तक प्राप्त नहीं हो सकी है, घटना की जानकारी ली जा रही है।

### तेज रफ्तार हाईवा ने युवक को रौंद डाला, विरोध में ग्रामीणों ने किया हंगामा



**अरवल।** जिले के मेहंदिया थाना क्षेत्र के बेलसार नरक बिगहा के समीप ओवरलोड बालू लदे हाईवा ने एक युवक को कुचला दिया। हादसे में युवक की मौत हो गई। गुस्साए ग्रामीणों ने हाईवा को आग के हवाले कर दिया। किसी तरह चालक ने गाड़ी से कूदकर भागा और अपनी जान बचाई। इधर घटना के बाद पीछे से आ रही मेहंदिया थाने की पुलिस पर ग्रामीणों ने पथराव कर दिया। इस घटना में पुलिसकर्मियों को हल्की चोटें आई। गुस्साए ग्रामीणों ने सोहसा बेलसार पथ पर शव रख कर हंगामा किया। मृतक की पहचान भोलू अंसारी पिता शहाबुद्दीन अंसारी के रूप में की गई है। उग्र ग्रामीण मेहंदिया थाना अध्यक्ष पर कार्रवाई की मांग करने लगे ग्रामीणों ने कहा कि थाना अध्यक्ष रात्रि में ओवरलोड वाहनों से वसूली करते हैं। यही कारण है कि पुलिस को देखकर हाईवे चालक तेजी से भागते हैं। इससे आम लोग वाहन की चपेट में आकर अपनी जान दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहली घटना नहीं है इससे पहले भी 3 लोगों की जान चली गई है लेकिन मेहंदिया थाने की पुलिस ओवरलोड बालू लदे ट्रकों पर अंकुश लगाने के बजाय लगातार परिचालन करवा रही है। जिससे आम लोगों की मौत हो रही है। घटनास्थल पर तनाव को देखते हुए जिले के 11 थानों की पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को काबू करने की कोशिश की।

# जिले के पहले निक्षय मित्र बने रवि देवा, 6 टीबी मरीजों को लिया गोद

**केटी न्यूज/सासाराम**

- अब निक्षय मित्र बनकर करेंगे टीबी मरीजों की मदद

कोरोना काल में जरूरतमंद व असहाय लोगों के साथ साथ अन्य लोगों को मदद पहुँचाने वाले युवा समाजसेवी रवि कुमार उर्फ रवि देवा अब सासाराम प्रखण्ड में टीबी से पीड़ित लोगों के लिए भी मदद पहुंचाएंगे। रवि कुमार उर्फ रवि देवा ने निक्षय मित्र बन कर टीबी बीमारी से ग्रसित लोगों को गोद लिया है। टीबी बीमारी से ग्रसित मरीजों के लिए रवि देवा 6 महीने तक पौष्टिक आहार उपलब्ध कराएंगे। टीबी से पीड़ित मरीजों के लिए सरकार ने निक्षय मित्र योजना की शुरूआत की है। जिसमें एनजीओ, सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक दलों से जुड़े लोग, निजी क्षेत्रों में कार्यरत के अलावा कोई भी टीबी से पीड़ित मरीजों या गाँव को गोद ले सकते हैं। जिसमें जरूरतमंद एवं असहाय लोगों को 6 महीने या उससे अधिक तक प्रत्येक माह 500 रुपये के रूप में आर्थिक मदद या पौष्टिक आहार के रूप में अनाज या खाद्य पदार्थ प्रदान कर मदद कर सकते हैं। इसी योजना के तहत सासाराम प्रखण्ड के लखनु सराय निवासी 25 वर्षीय रवि देवा टीबी मरीजों को गोद लेकर उनकी मदद करेंगे। इसके लिए रवि देवा ने



### निक्षय मित्र बनने के लिए लोगों को किया जा रहा है जागरूक

जिला यक्ष्मा केंद्र के पदाधिकारी डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि निक्षय मित्र से लोगों को जोड़ने के किये जिला यक्ष्मा केंद्र लगातार प्रयासरत है। इसके लिए लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।

सहमति देते हुए जिला यक्ष्मा केंद्र में निक्षय मित्र पोर्टल पर अपना रजिस्ट्रेशन भी कराया है। रवि देवा जिले के पहले व्यक्ति हैं जिन्होंने निक्षय मित्र के लिए अपना रजिस्ट्रेशन कराया है।

**कोरोना काल में जरूरतमंदों के लिए पहुचाई थी मदद :** कोरोना काल की पहली लहर में जहां संक्रमण से बचने के लिए लोग घरों में बंद थे, वहीं उस दौरान रवि देवा पिकअप पर हरी सब्जियां एवं अनाज लाद कर आम लोगों के घरों तक के अलावा गरीबों एवं जरूरतमंदों के बीच निःशुल्क पहुँचा रहे थे। साथ ही साथ सासाराम सदर अस्पताल गेट पर देवा की रसोई का संचालन कर जरूरतमंदों को भोजन करवा रहे थे।

**अब निक्षय मित्र बनकर करेंगे टीबी मरीजों की मदद :** रवि देवा ने बताया कि जरूरतमंद लोगों को मदद पहुँचाना अच्छा लगता है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जरूरत मंद लोगों की मदद करने का मौका मिला। इधर किसी के माध्यम से जानकारी मिली कि निक्षय मित्र बन कर टीबी से पीड़ित लोगों की मदद पहुँचानी है तो तुरंत विभाग से संपर्क कर निक्षय मित्र के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया। उन्होंने बताया कि टीबी मरीजों के लिए जो भी बन पड़ेगा वह करेंगे। उन्होंने बताया कि मैंने 6 मरीजों को गोद लिया है। अगले छः महीने तक उनकी पोषण की जरूरतों का ध्यान रखूंगा।

## उपविकास आयुक्त ने कचरा प्रबंधन का किया शुभारंभ

# ओडीएफ प्लस फेज 2 के तहत हुलासगंज प्रखंड के सभी पंचायतों में कार्य हुआ शुरू

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

- हुलासगंज के सभी प्रखंडों में अब डोर-टू-डोर होगा कचरा प्रबंधन
- ग्रामीणों को ठोस और तरल करचे को अलग-अलग रखने की दी गई जानकारी
- ग्रामीणों ने अपने घर के साथ साथ गांव को साफ रखने का लिया संकल्प

'सक्षम बिहार-स्वाबलंबी बिहार' अंतर्गत सात निश्चाय-2 में लक्षित 'स्वच्छ गांव-समृद्ध गांव' के उद्देश्य की प्राप्ति के लिए लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान-द्वितीय चरण (2020-21, 2024-25) का आगाज हो चुका है। जिसके तहत जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ₹खुले में शौच से मुक्ति₹ का स्थायित्व तथा चरणबद्ध तरीके से ₹ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन₹ कर सभी गांवों को ओडीएफ प्लस (खुले में शौच से मुक्ति के स्थायित्व सहित ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन) बनाया जाना हैं। जिससे जिले के सभी ग्राम पंचायतों में ₹स्वच्छ गांव-समृद्ध गांव₹ की परिकल्पना को साकार किया जा सके। इसी परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से बुधवार को जिले के हुलासगंज प्रखण्ड मुख्यालय में छह पंचायतों में ओडीएफ प्लस फेज दो के तहत कार्यों का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन उपविकास आयुक्त परितोष कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। इन पंचायतों में चिरी, मुरगांव, खुदौरी, दावथू, सूरजपुर और तिर्रा शामिल हैं। योजना के तहत सभी पंचायत के वार्डों के लिए घर-घर से कचड़ा उठाव एवं उसके समुचित निपटान के लिए ठेला रिक्सा एवं ई-रिक्सा को हरी झंडी दिखाई। साथ ही, सूखे एवं गीले कचरे को अलग-अलग संधारित करने के लिए हरे एवं नीले रंग के डस्टबीन का वितरण भी किया गया।

उप विकास आयुक्त परितोष कुमार ने कहा कि स्वच्छता को अपने जीवन में अपनाएं और जो भी डस्टबिन आज वितरित की जा रही है उसमें कचरे को अलग अलग रखें। उसके बाद जब पैडल रिक्शा वाला आए, तो कचरा उसमें डाल दें। इसके माध्यम से लोग स्वयं भी स्वच्छ रहेंगे और अपने आस पास को भी स्वच्छ रखने में सहयोग कर सकेंगे। इस दौरान ठोस के साथ साथ गिला कचरा प्रबंधन पर भी ग्रामीणों को बताया गया। साथ ही, तरल अपशिष्ट प्रबंधन के तहत प्रत्येक नाली के पास सामुदायिक सोख्ता, जंक्शन चेम्बर, आउटलेट इत्यादि के निर्माण पर भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। साथ ही, सभी को स्वच्छता को अपने जीवन में अपनाने पर जोड़ दिया गया। जिसके बादद सभी को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। सभी लोग मिलकर पंचायत को स्वच्छ एवं सुंदर पंचायत बनाने में सहयोग करेंगे। लोगों ने प्लास्टिक मुक्त पंचायत बनाने का निर्णय लिया। वहीं, 'कूड़ा कचड़ा निपटाएंगे हुलासगंज प्रखण्ड को स्वच्छ बनाएंगे, बेटी ब्याहो उस घर में शौचालय हो जिस घर में, लोटा डोरी बन्द करो शौचालय का प्रबंध करो तथा जय स्वच्छता के उद्घोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में सभी नव चयनित स्वच्छता कर्मी, वार्ड सदस्य दावथू, मुखिया-बेबी देवी, खुदौरी मुखिया-रंजीत कुमार, सूरजपुर मुखिया-पार्वती देवी, मुरगांव मुखिया-विनोद कुमार, तिर्रा मुखिया- अवधेश पंडित, चिरी मुखिया-बिपिन कुमार, जिला सलाहकार ब्रजेश कुमार क्षमता वर्द्धन सूचना शिक्षा व संचार, जिला सलाहकार ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पिंकु कुमार, बीडीओ अभिनाश कुमार, सीओ अरविंद कुमार चौधरी, प्रखण्ड समन्वयक माया यादव, बीपीएम व ग्रामीण उपस्थित थे।


ई-रिक्शा को हरी झंडी दिखाते डीडीसी व अन्य

### सड़क हादसे में जख्मी महिला का चार दिन बाद मौत

**आरा।** भोजपुर के चरपोखरी इलाके में चार दिनों पूर्व सड़क हादसे में जख्मी महिला की मौत हो गई। इलाज के दौरान पटना के एक अस्पताल में उन्होंने दम तोड़ दिया। मृत महिला चरपोखरी थाना क्षेत्र के महावीरगंज गांव निवासी राजेंद्र सिंह की 40 वर्षीया पत्नी ज्योति देवी थी। उनके भतीजे कुंदन कुमार ने बताया कि गत रविवार की शाम वह ऑटो से महावीरगंज गांव से गड़हनी बाजार जा रही थी। उसी दौरान आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर ध्यानी टोला स्थित पेट्रोल पंप के समीप पिकअप और ऑटो के बीच टक्कर भिड़ंत हो गई। हादसे में ज्योति देवी, उसी थाना क्षेत्र के मथुरापुर गांव निवासी पिकअप चालक चंदन कुमार, गड़हनी गांव निवासी राजन कुमार और ऑटो चालक मो. शमीम गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। उसमें ज्योति देवी को आरा सदर अस्पताल से पटना रेफर कर दिया गया था। उनके परिजनों द्वारा एक प्राइवेट अस्पताल में उनका इलाज कराया जा रहा था। इस बीच बुधवार की सुबह ज्योति देवी ने दम तोड़ दिया। उसके बाद परिजन उनके शव को वापस अस्पताल ले आए। सूचना मिलते ही टाउन थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जाता है कि मृत महिला को एक पुत्र चंदन कुमार और एक पुत्री भारती कुमारी है। उनके पति राजेंद्र सिंह पेशे से किसान हैं और गांव पर ही रह कर खेती करते है।

# निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन सख्त बिना कागजातों के 5 प्रचार वाहन जब्त

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिले में नगर निकाय के चुनाव की तारीख जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे प्रत्याशी भी चुनाव प्रचार में जोर लगा रहे हैं। इसी कड़ी में घोसी के प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने घोसी धानापुर सड़क पर प्रचार वाहनों का जांच किया, जिसमें पांच वाहनों को जब्त किया गया है।

बीडीओ ने बताया कि सभी जब्त गाड़ियों पर परमिशन के कागजात नहीं लगाए गए थे। वहीं अन्य वाहनों को भी थाने में ले जाकर कागजात की जांच की जा रही है, जो लोग भी बिना परमिशन के चुनाव प्रचार कर रहे हैं, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में बिना परमिशन के चुनाव प्रचार करने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि घोसी नगर पंचायत में घूम-घूम कर निरीक्षण किया जा रहा है कि कहीं कोईआचार संहिता का उल्लंघन तो नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि हर हाल में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराया जाएगा। इसकी सारी तैयारियां हो चुकी है। सभी प्रत्याशियों को निर्वाचन आयोग के गाइडलाइन के अनुसार प्रचार करने की अनुमति दी गई है।


वाहन को थाने में खड़ी कराते पुलिस अधिकारी

### ऑटो की ठोकर से सड़क पार कर रही बच्ची की मौत

**आरा।** आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर चरपोखरी थाना क्षेत्र के बड़हरा गांव के पास बुधवार की दोपहर सड़क हादसे में एक बच्ची की मौत हो गयी। सड़क पार कर रही बच्ची को बेलगाम ऑटो ने रौंद डाला। उसमें घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृत बच्ची बड़हरा गांव निवासी प्रमोद राम की 10 वर्षीया पुत्री निशा कुमारी थी। उसके चाचा ओम प्रकाश राम ने बताया कि दोपहर में वह गांव की एक लड़की के साथ रोड की ओर गयी थी। उस दौरान वह उस लड़की का हाथ छुड़ाकर सड़क पार करने लगी। तभी एक ऑटो ने उसे रौंद दिया। उससे मौके पर मौत हो गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि मृत बच्ची तीन भाइयों के बीच इकलौती बहन और अपने मां-बाप की लाडली बेटी थी।

### पाराधी गांव में घर से महिला का शव मिलने के बाद इलाके में मचा हड़कंप

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

जिले के मखदुमपुर प्रखण्ड के टेहटा ओपी क्षेत्र के मलाठी पंचायत के पाराधी गांव में उस समय सनसनी मच गई जब एक विवाहिता का शव उसके ही घर में मिला, घटना की सूचना पाकर मौके पर टेहटा ओपी की पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार पाराधी गांव निवासी कौशल कुमार की पत्नी नीरू कुमारी का शव उनके घर से मिला है। मृतिका का मायके पटना जिले के मसोरही गांव में है। जिनकी शादी एक वर्ष पूर्व राज कुमार यादव के पुत्र कौशल यादव के साथ हुई थी, वही मृतिका की एक वर्ष की एक बच्ची भी है। जानकारी देते हुए टेहटा ओपी अध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली के पराधी गांव में एक युवती की हत्या कर दिया गया है। जिसके बाद मौके पर पहुंचकर मृतिका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। वही हत्या या आत्महत्या दोनों बिंदुओं पर जांच की जा रही है। वह खबर लिखने तक थाने में आवेदन नहीं दिया गया है।



## हुलासगंज में ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का हुआ आयोजन

# अपने बच्चे व बच्चियों की शिक्षा पर जोर दें महिलाएं: डीएम

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

- रोजगार मेले में विभिन्न राज्यों से आई थी कुल 12 कंपनियां
- 534 युवक व 421 युवतियों ने नौकरी के लिए निबंधन कराया

जीविका तत्वावधान में बुधवार को हुलासगंज स्थित प्रखंड उच्च विद्यालय परिसर में रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया' दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का उद्घाटन जिलाधिकारी रिची पाण्डेय, उप विकास आयुक्त परितोष कुमार, जिला परियोजना प्रबंधक एवं प्रभारी प्रखंड परियोजना प्रबंधक विभूति नारायण तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त एवं जिला परियोजना प्रबंधक ने युवाओं को संबोधित किया एवं रोजगार हेतु मार्गदर्शन दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि महिलाएं अपने बच्चे व बच्चियों की शिक्षा पर जोर दें। उन्हें रोजगार तथा स्वरोजगार से जुड़ने को प्रेरित करें एवं सरकार से मिल रही योजनाओं का लाभ उठाएं। युवक व युवती अपने हुनर को पहचाने और उसके तहत प्रशिक्षित होकर रोजगार एवं स्वरोजगार की ओर अग्रसर हो। जीविका को इस तरह के आयोजन के लिए बधाई दी।

इससे पूर्व आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक अनीता कुमारी ने कहा कि मार्गदर्शन मेला का उद्देश्य यही है कि गांव में बैठे बेरोजगार युवक व युवती को उनके हुनर के अनुसार रोजगार प्रदान किया जा सके। इस रोजगार मेले में सिक्योरिटी गार्ड, सेल्स एक्जीक्यूटिव ऑपरेटर, मशीन ऑपरेटर, आरसीटी एंड ऑपरेटर, डिलीवरी ब्वॉय, एंफोबेली, रिटेल सर्विस, सिलाई, हेल्पर कार्ड, नवभारत फर्टिलाइजर आदि विभिन्न पदों के लिए 12 कंपनियों ने अपना अपना स्टॉल लगाया। रोजगार सह रोजगार मार्गदर्शन में 534 युवक 421 युवतियों ने नौकरी के लिए निबंधन कराया इसके साथ कई कंपनियां पद योग्यता एवं रुचि के आधार पर प्रांभिक साक्षात्कार के बाद मुख्य साक्षात्कार के लिए निर्धारित तिथि को बुलाया गया।

अपने संबोधन में उप विकास आयुक्त ने कहा कि इस तरह के आयोजन से युवाओं को रोजगार तो मिलेगा ही, उचित मार्गदर्शन भी कैरियर के निर्माण में लाभदायक होगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी, रोजगार प्रबंधक सुधीर कुमार, सुक्ष्म वित प्रबंधक वीरेंद्र शर्मा, स्वास्थ्य पोषण प्रबंधक अजीत कुशवाहा, खुशबू कुमारी, क्षेत्रीय समन्वयक विशाल कुमार, सामुदायिक समन्वयक पूजा कुमारी, रूबी कुमारी, सुमन कुमारी, फूलवंती सिंह, बबन कुमार, ब्रजेंद्र कुमार ने अहम भूमिका निभाई।


रोजगार मेले में जुटे युवक व युवतियां

## खबरें फटाफट

### रिश्तेदारी में आए युवक की बाइक चोरी, मामला दर्ज

**डुमरांव।** दरवाजे पर खड़ी बाइक पर उचक्कों ने हाथ साफ कर दिया। काफी खोजबीन के बाद भी जब बाइक नहीं मिली तो पीड़ित ने इस मामले में अज्ञात चोरों के खिलाफ डुमरांव थाने में मामला दर्ज कराया है। पीड़ित की पहचान थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव निवासी विकास राय बताया जाता है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि पीड़ित डुमरांव में अपने बहन से मिलने आया था। वह दरवाजे पर बाइक को खड़ा कर अंदर गया। जब बाहर निकला तो बाइक नदारद थी। इस मामले में पुलिस जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

### हत्या के मामले में जेल में बंद महिला कैदी की मौत

**बक्सर।** हत्या के मामले में आरोपी बक्सर जेल में महिला कैदी की बुधवार को मौत हो गई। जिसके बाद जेल प्रबंधन ने शव पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में भेज दिया गया। पीड़ित के बच्चों का आरोप है कि उनकी मां बीमार थी, लेकिन हमें इसकी सूचना भी नहीं दी गई। वह तो भला हो उस गार्ड का। जिसने दो दिन पहले हमें फोन पर सूचना दी। वह भी मां की हालत बेहद खराब हो जाने के बाद। हम पहुंचे उनकी हालत देख परेशान हो गए। डॉक्टर हमारी सुन नहीं रहे थे। अगले दिन उन्होंने दम तोड़ दिया। पूछने पर यह भी पता चला कि हत्या के एक मामले में उन्हें वर्ष 2015 में सजा हुई थी। पिता रामप्रवेश सिंह और मां दोनों के खिलाफ केस हुआ था। पिता मोतिहारी जेल में बंद हैं। कुछ माह पहले ही उसे बक्सर की महिला जेल ट्रांसफर किया गया था। मां का शव गांव तक ले जाने का उनके पास सामर्थ्य नहीं है। जेल प्रशासन मदद के नाम पर पल्ला झाड़ रहा है।

# शहीद रविकांत सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज आज से, 22 को खेला जाएगा फाइनल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

- शहीद आईपीएस रविकांत सिंह स्मृति ईनामी क्रिकेट प्रतियोगिता में शिरकत कर रही है नौ टीमें
- मुजफ्फरपुर और गया के बीच होगा उद्घाटन मुकाबला

डुमरांव में आज से शहीद आईपीएस रविकांत सिंह स्मृति ईनामी क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू हो रही है। यह प्रतियोगिता राज हाई स्कूल के खेल मैदान में आयोजित की जा रही है। उद्घाटन मुकाबाल मुजफ्फरपुर व गया की टीमों के बीच खेला जाएगा। यह मैच 21-21 ओवरों का होगा तथा बिहार क्रिकेट एसोसिएशन ने इसकी मान्यता भी दे दी है।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मेथोडिस्ट अस्पताल प्रताप सागर के डायरेक्टर डा आरके सिंह व शहीद आइपीएस रविकांत सिंह के परिवार की एक वरिष्ठ महिला करेंगी। पूर्व संध्या पर आयोजन 11 स्टार क्रिकेट क्लब द्वारा इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। स्थानीय युवा क्रिकेटरों ने मध्य रात्रि तक राज हाई स्कूल के खेल मैदान को सजाने तथा बाउंड्री लाइन निर्धारण का काम करते रहे। सुबह दस बजे से मैच शुरू होगा जिसका यू ट्यूब पर लाईव भी होगा जबकि मैच के दौरान हजारों दर्शकों के भी जुटने की उम्मीद है। प्रतियोगिता में मुजफ्फरपुर और गया की टीमों के अलावे मेजबान शहीद आइपीएस रविकांत 11, भदोही, रांची, हरियाणा, गाजियाबाद, लखनउ व कोलकाता की टीमें भाग ले रही हैं।


प्रतियोगिता के लिए तैयार ग्राउंड

शुक्रवार को मेजबान टीम का यूपी के भदोही की टीम से मुकाबला होगा। इस मुकाबले को ले शहर के क्रिकेट प्रेमी अभी से ही उतावले हो उठे हैं। उन्हें दशकों बाद डुमरांव के उभरते क्रिकेटरों का जलवा देखने को मिलेगा। आयोजन समिति के संयोजक नरेन्द्रनाथ ओझा व अग्रणी सह विधायक प्रतिनिधि संजय शर्मा ने पूर्व संध्या पर संयुक्त रूप से बताया कि फाईनल मुकाबला 22 दिसंबर को खेला जाएगा। विजेता को 1 लाख 51 हजार रूपए नकद तथा ट्राफी प्रदान की जाएगी। जबकि उप विजेता को 51 हजार रूपए नकद के अलावे रनर कप दिया जाएगा। जबकि प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच तथा मैन ऑफ द सिरीज भी दिया जाएगा। इसके अलावे कई व्यक्तिगत पुरस्कार भी खिलाड़ियों को मिलेंगे। आयोजन को ले शहरवासियों में उत्साह व्याप्त है।

**युवा क्रिकेटरों को मिलेगा बेहतरीन मंच :** आयोजकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता में युवा खिलाड़ियों को बेहतरीन मंच मिलेगा। वे शीर्ष स्तर के क्रिकेट खेलने वालें राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों को अपने सामने खेलते देखेंगे। जबकि खुद के कौशल का भी प्रदर्शन करेंगे। आयोजकों की मानें तो जल्दी ही 11 स्टार क्रिकेट क्लब द्वारा डुमरांव में क्रिकेट एकेडमी भी खोला जाएगा।

### प्रतियोगिता में भाग लेनेवाले कई क्रिकेटरों को मिल चुका है रणजी व आईपीएल में खेलने का मौका

शहीद आइपीएस रविकांत स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में कई नामी गिरामी क्रिकेटर भी शिरकते करेंगे। आयोजन समिति के अग्रणी संजय शर्मा ने बताया कि अब तक झारखंड रणजी के विराट सिंह, आइपीएल खिलाड़ी दीपक पुनिया समेत प्रथम श्रेणी मुकाबले खेल चुके आधा दर्जन क्रिकेटरों के आने की सूचना है। स्तरीय क्रिकेटरों के डुमरांव आने से उनकी एक झलक पाने के लिए अभी से ही युवा क्रिकेटर बेताब दिख रहे हैं।

## बिना काम कराए ही हो गया एमवी बुक, पंचायत प्रतिनिधियों ने उठाया सवाल

# मनरेगा में धांधली: केसठ में बिना काम कराए ही पइन खुदाई की निकाली राशि

**केटी न्यूज/केसठ**

- एक सप्ताह पहले ही निकाली गयी योजना की पहली किश्त
- अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के लिए लूट का जरिया बनी हुई है मनरेगा

ग्रामीण विकास के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजित करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा संचालित मनरेगा योजना का प्रखंड में हाल बेहाल है। पंचायत स्तर पर न तो आम मजदूरों को रोजगार मुहैया कराया जा रहा है, न ही ग्रामीण विकास का सपना ही साकार होता दिख रहा है। वहीं, यह योजना अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के लिए लूट का जरिया बनी हुई है। ताजा मामला प्रखंड के रामपुर पंचायत से जुड़ा हुआ है। जहा विभागीय अधिकारियों द्वारा बिना कार्य शुरू किए ही एमबी बुक कर राशि की निकाशी कर ली गई है। जानकारी के अनुसार रामपुर बंगला से दसियांव गांव के अंतिम सिवान तक पाइन खुदाई के लिए 4 लाख 35 हजार 539 रुपए प्रकल्लित राशि था। लेकिन बिना काम शुरू किए ही एमबी बुक कर पहला किस्त 49 हजार 140 रूपए की निकासी 7 दिसम्बर को ही कर लिया गया है। जबकि काम का शुरूआत बुधवार की सुबह शुरू की गई। वही कार्य स्थल पर कार्य शुरू होने से संबंधित कोई बोर्ड नहीं लगाया गया है। जिसका खुलासा बुधवार को प्रखंड प्रमुख मुन्ना सिंह, उप प्रमुख अमेद्र उर्फ मंटू, बीडीसी असलम सहित पंचायत समिति सदस्यों के निरीक्षण में सामने आया।

इस संबंध में मनरेगा जेई विनोद कुमार ने बताया कि कार्य पहले शुरू हुआ था। नहर में पानी आने के कारण कार्य नहीं हो सका। जब जेई से पूछा गया कि बिना कार्य किये एमबी बुक व पैसे की निकासी कैसे हुई तो इस पर जेई ने चुप्पी साध लिया। वही पीओ प्रवीण कुमार ने बताया कि पूर्व के ही कार्य स्थल का निरीक्षण किया गया था। जहा पइन में कही पानी नहीं था। कार्यस्थल पर प्राक्कलन बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। निकासी के सवाल पर जेई और पीओ एक दूसरे पर ठिकरा फोड़ते रहे। जानकारों की माने तो मनरेगा की यह सिर्फ इकलौती ऐसी योजना नहीं है जिसमें बिना धरातल पर काम कराए राशि की निकासी कर एमवी बुक किया गया है बल्कि सभी योजनाओं में बड़े पैमाने पर धांधली की गइ है। यदि गहराई से इसकी जांच कराई जाए तो मनरेगा की योजनाओं में बड़ी राशि की बंदबांट का खुलासा हो सकता है।


योजना स्थल को देखने पहुंचे जनप्रतिनिधि

जानकार बताते है कि योजनाओं की गड़बड़ी की शिकायत करने पर वरीय पदाधिकारी कार्रवाई के बदले सिर्फ मैनेज के खेल में व्यस्त रहते है। जिससे मनरेगा की योजनाएं विभागीय अधिकारियों व संबंधित पंचायत प्रतिनिधियों के लिए कमाई का मोटा जरिया बना हुआ है। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक बुधवार को जिलास्तरीय पदाधिकारियों से पंचायतों चल रही योजनाओं की जांच करवाई जा रही है। लेकिन बुधवारी जांच में आने वाले अधिकारियों का नजर इस लूट खसोट पर नहीं पड़ना व्यवस्था की कलई खोल रहा है और यह भी साबित कर रहा है लूट खसोट के इस खेल में नीचे से उपर तक के लोग शामिल है। प्रमुख के नेतृत्व में निरीक्षण करने पहुंची पंचायत समिति ने इसे गंभीर मामला मानते हुए डीएम अमन समीर से इसकी जांच करा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। वही पूरे दिन प्रखंड क्षेत्र में इस योजना में लूट की चर्चा होते रही।

# घर में सुख शांति का झांसा देकर ठग ले गया ढाई लाख के गहने

**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर थाना क्षेत्र के भरखरा गांव में ढाई लाख मूल्य के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार दरवाजे दरवाजे घूम कर भिक्षाटन कर रहा ठग एक घर में यह दाखिल हुआ। घर के महिलाओं को यह कह कर अपने जाल में फंसाने लगा आपके घर में कलह है। मैं यहां के लोगों को ठीक कर दूंगा। घर में मौजूद महिला ने ठग का वीडियो बनाना शुरू किया।

जब उसने ऐसा होता देखा तो वह चौकन्ना हो गया और धीरे से खिसक गया। उसी गांव में घूमते घूमते वह ऐसे घर में पहुंचा जहां सिर्फ दो ही लोग थे। वहां भी पहुंच कर उसने वही चाल चली। घर में अशांति है प्रेत बाधा है। मैं उसको दूर कर दूंगा। यहां लोग उसके जाल में फंस गए। बातचीत आगे बढी तो उसने 10 मिनट में पूजा करने की बात कही। भिक्षा देने के नाम पर घर की नई बहू को बुलाया। पूजा के लिए उसने अपने सारे आभूषण उतार कर एक जगह रखने को कहा। उसे एक पोटली में बाधा और कहा इसे घर में ले जाकर सुरक्षित जगह पर रख दो। पूजा के दौरान उसने घरवालों को दो फूल दिए। कहा इसे एक गांव के पश्चिम और एक पूरब फेंके। जिससे प्रेत बाधा दूर हो जाएगी। घरवाले उसके झांसे में आ गए। उसने कहा मैं अपना झोला यही छोड़ देता हूं। एक फूल पश्चिम दिशा में फेंक दे दूसरा मैं पूरब दिशा में फेंक कर आ रहा हूं। ध्यान रहे इस बात की चर्चा अगले 2 घंटे तक नहीं करनी है और बोलना भी नहीं है। घरवाले झांसे में पड़ गए। वह पूरब दिशा में गया तो लौट कर नहीं आया। दो घंटे तक घरवाले एक जगह पर बैठे रहे। जब नहीं लौटा तो शक हुआ। उन लोगों ने पोटली को खोलकर देखा तो सारा माजरा समझ में आया गया। वह कोई झाड़-फूंक करने वाला नहीं था। वह तो चूना लगा निकल गया। कुछ ही देर में या बात पूरे गांव में फैल गई।


आरोपी ठग

# डुमरांव विधायक ने अतिक्रमण की कार्रवाई रोकने के लिए सदन के शीतकालीन सत्र में उठाई आवाज

**केटी न्यूज / डुमरांव**

स्थानीय विधायक डॉ. अजीत कुमार सिंह ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन शून्यकाल में माननीय उच्च न्यायलय के सिविल रिट केस नंबर 9692/2015 में अतिक्रमण के खिलाफ दिए गए आदेश पर आवाज उठाया है। डुमरांव अंचल के मौजा भोजपुर कदीम भोजपुर जदीद व नेनुआ समेत पूरे जिले के अंचल कार्यालयों द्वारा सरकारी भूमि पर पचास वर्षों से बसे बासगीत पचार्धारियों एवं भूमिहीनों को उजाड़ने के आदेश पर तत्काल रोक लगाने की मांग सरकार से की है।



जिला प्रशासन द्वारा बासगीत पचार्धारियों व भूमिहीनों को कड़कड़ाती ठंढ में भी उजाड़ा जा रहा है। प्रशासन द्वारा जिन लोगों पर नोटिस जारी किया गया है उनमे से तीन चौथाई लोगों के पास बासगीत का परचाधारी है। जिस भूमि पर परचाधारी वर्षों से अपनी जिंदगी भर की जमापूँजी से पक्का / कच्चा मकान बना कर गुजर-बसर कर रहें है। विधायक ने बताया कि सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था किये किसी भी गरीब-भूमिहीन को उजाड़ा नहीं जायेगा। फिर भी प्रशासन द्वारा गरीबों को उजाड़ा गया तो इसके लिए सड़क से सदन तक लड़ा जायेगा। अपनी जिंदगी भर की कमाई लगा कर घर बनाये गरीबों के सामने जीवन-मरण का प्रश्न है। । जिन गरीब भूमिहीनों को सरकार ने स्वयं ही बासगीत का परचा दिया है उन्हें किसी भी तरह उजाड़ना गलत है। विधायक ने कहा कि भाकपा माले गरीब भूमिहीनों के पक्ष में खड़े हैं। बिना वैकल्पिक व्यवस्था के किसी गरीब भूमिहीन का घर उजाडने नहीं दिया जायेगा।

# महिला ने दहेज प्रताड़ना का आरोप लगा दर्ज कराया एफआईआर

**केटी न्यूज/नावानगर**

दहेज में पांच लाख रूपए व एक बाइक के लिए ससुराल वालों ने एक विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाल दिया है। इसको लेकर केसठ निवासी विवाहिता काजल कुमारी ने नावानगर थानें में पति, ससुर, सास, ननद और देवर पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।

पुलिस को दिए आवेदन में विवाहिता ने बताया है कि मेरी शादी सात मई 2018 को केसठ निवासी सर्वेश उर्फ पवन सिंह के साथ हुई है। शादी के बाद कुछ दिनों तक सब कुछ ठीक रहा। दांपत्य जीवन में उसे एक बेटा भी हुआ है। लेकिन बेटा होने के बाद ससुराल वालों ने दहेज में पांच लाख रुपए और एक मोटरसाइकिल के लिये दबाव बनाने लगे। दहेज में उक्त रकम और बाइक नहीं मिलने पर रोज मारपीट करने लगे लोग। इसके बाद सभी लोगों द्वारा मारपीट कर मेरे बेटे के साथ घर से निकाल दिया गया। मारपीट कर घर से निकाले जाने के बाद पीड़िता थाना पहुंच कर पति सर्वेश उर्फ पवन सिंह, ससुर उमेश उर्फ गनपत सिंह, सास उषा देवी, देवर मिथिलेश उर्फ भुअर सिंह, ननद रिया पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसकी पुष्टि करते हुए नावानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने कहा कि पीड़िता के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। थानाध्यक्ष ने कहा कि मामले की छानबीन किया जा रहा है।

# फीफा वर्ल्ड कप का मुकाबला देखने के दौरान फुटबॉल खिलाड़ी मो. इसराइल की निकली जान

**केटी न्यूज/ डुमरांव**

अपने जमाने के चर्चित मिडफील्डर तथा उस्ताद के नाम से विख्यात फुटबॉल खिलाड़ी मोहम्मद इसराइल हाशमी का निधन मंगलवार की रात हार्ट अटैक आने से हो गया जिस वक्त उन्हें हार्ट अटैक आया उस वक्त वे टीवी पर फीफा वर्ल्ड कप का मैच देख रहे थे। फुटबॉल के खेल से उनकी दीवानगी आजीवन बनी रही। 60 वर्षों की उम्र तक मैदान में फुटबॉल के साथ बाजीगरी दिखाने वाले इसराइल हाशमी जीवन के 75 बसंत पूरे कर चुके थे। वे अपने जमाने में न सिर्फ बक्सर बल्कि बिहार के बेहतरीन मिड फील्डर प्लेयर के रूप में विख्यात थे। फुटबॉल के बेहतरीन कौशल के कारण वह बिहार के साथ ही झारखंड उड़ीसा तथा यूपी के दर्जनों क्लबों के साथ कई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग ले चुके थे। 60 वर्ष की उम्र तक डुमरांव के राज हाई स्कूल के खेल मैदान में नियमित तौर पर फुटबॉल का प्रैक्टिस करने आते और युवा खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों को बताते थे। जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ रमेश सिंह ने उनके निधन को फुटबाल जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया। उन्होंने कहा कि डुमरांव के सर्वकालीन महान फुटबॉलर में गिने जाते रहेंगे। जबकि उनके सानिध्य में फुटबॉल खेलने वाले डुमरांव के भगवती प्रसाद, गोपाल गुप्ता, राम जी शर्मा, वफा अंसारी, प्रो अजीत सिंह, मंडल शर्मा, पुराना भोजपुर के इस्लाम अंसारी आदि ने उनके निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है।



## कालाजार से ठीक होने के बाद भी त्वचा प्रभावित होने की रहती है संभावना

# दवाओं का पूरा कोर्स ही कालाजार से दोबारा संक्रमित होने से करेगा बचाव

- त्वचा के कालाजार से ठीक होने के बाद सरकार देती है 4000 रुपए का आर्थिक अनुदान

**केटी न्यूज / बक्सर**

राज्य सरकार ने कालाजार उन्मूलन के लिए 2022 तक का लक्ष्य रखा था। यह तभी संभव होगा, जब सामुदायिक स्तर पर लोग जागरूक बनें। किसी भी बीमारी के संपूर्ण उन्मूलन के लिए जरूरी है यह कि लोगों को उसके लक्षणों की पहचान से लेकर इलाज की पूरी जानकारी हो। इसलिए अब फ्रंट लाइन वर्कर्स, स्वास्थ्य कर्मचारियों और अधिकारियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा।ताकि, जिले के सभी लोगों को कालाजार के संबंध में जानकारी हो सके। कालाजार के संबंध में एक बात अजीब यह है कि इस बीमारी से पूरी तरह से ठीक हो चुके मरीज दोबारा से इसकी चपेट में आ सकते हैं। ऐसे में मरीज के शरीर पर त्वचा संबंधी लीश्मेनियेसिस रोग होने की संभावना रहती है। इसे त्वचा का कालाजार (पीकेडीएल) भी कहा जाता है। पीकेडीएल का इलाज पूर्ण रूप से किया जा सकता है। इसके लिए लगातार 12 सप्ताह तक दवा का सेवन करना पड़ता है। साथ ही, इलाज के बाद मरीज को 4000 रुपये का आर्थिक अनुदान भी सरकार द्वारा दिया जाता है।



### कालाजार के लक्षणों की पहचान होना जरूरी

जिला वेक्टर जनित रोग सलाहकार राजीव कुमार ने बताया, कालाजार के लक्षणों की पहचान होना बहुत जरूरी है। कालाजार एक वेक्टर जनित रोग और संक्रमण वाली बीमारी है जो परजीवी लिस्मैनिया डोनोवानी के कारण होता है। जिसका असर शरीर पर धीरे-धीरे पड़ता है। यह परजीवी बालू मक्खी के जरिये फैलता है। इससे ग्रस्त मरीज खासकर गोरे व्यक्तियों के हाथ, पैर, पेट और चेहरे का रंग भूरा हो जाता है। रुक-रुक कर बुखार आना, भूख कम लगना, शरीर में पीलापन और वजन घटना, तिल्ली और लीवर का आकार बढ़ना, त्वचा-सूखी, पतली और होना और बाल झड़ना कालाजार के मुख्य लक्षण हैं। इससे पीड़ित होने पर शरीर में तेजी से खून की कमी होने लगती है।

**उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग में कालाजार भी एक प्रमुख रोग :** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया, उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में आने के कारण भारत में कम से कम 20 उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग मौजूद हैं। इन रोगों से रोगी में दुर्बलता तो आती ही है, कई स्थितियों में ये पीड़ित व्यक्ति की मौत का कारण भी बनती हैं। उपेक्षित उष्णकटिबंधीय रोग में कालाजार भी एक प्रमुख रोग है। इसके कारण जिला समेत पूरे राज्य में हर साल मरीज पाए जाते हैं। उन्होंने बताया कि पीकेडीएल यानी त्वचा का कालाजार एक ऐसी स्थिति है, जब एलडी बॉडी नामक परजीवी त्वचा कोशिकाओं पर आक्रमण कर उन्हें संक्रमित कर देता और वहीं रहते हुए विकसित होकर त्वचा पर घाव के रूप में उभरने लगता है। उन्हें बार-बार बुखार आने लगता है। साथ ही, भूख में कमी, वजन का घटना, थकान महसूस होना, पेट का बढ़ जाना आदि इसके लक्षण के रूप में दिखाई देने लगते हैं। ऐसे व्यक्ति को तुरंत नजदीक के अस्पताल में जाकर अपनी जांच करवानी चाहिए। ठीक होने के बाद भी कुछ व्यक्ति के शरीर पर चकता या दाग होने लगता है। ऐसे व्यक्तियों को भी अस्पताल जाकर अपनी जांच करानी चाहिए।

# तेज रफ्तार बोलेरो-बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत

**राजपुर।** मंगलवार की देर रात चौसा मुख्य मार्ग पर रात 11 बजे के लगभग तेज रफ्तार बाइक बोलेरो से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि रेसर बाइक के परखच्चे उड़ गए। आगे का पहिया टूटकर अंदर जा धसा। बाइक पर सवार दोनों युवक बुरी तरह जख्मी हो गए। उन्हें लोगों की मदद से सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां आशीष कुमार की मौत हो गई थी। वह बक्सर शहर के आदर्श नगर का रहने वाला बताया जा रहा है।उसी मोहल्ले का रहने वाला दूसरा किशोर मनजीत पटेल पिता पप्पू पटेल की भी हालत गंभीर है।

उसे रात के वक्त ही वाराणसी रेफर कर दिया गया। इस संबंध में पूछने पर मुफस्सिल के थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया दुर्घटना रात 11 बजे के लगभग हुई। बाइक सवार युवक चौसा से बक्सर की तरफ जा रहे थे। विपरीत दिशा से आ रही बोलेरो के साथ कृतपुरा गांव के समीप उनकी भिड़ंत हो गई। हालांकि अभी इसकी प्राथमिकी दर्ज नहीं हुई है। न ही उस वाहन की पहचान हो सकी है। जिससे बाइक की टक्कर हुई थी। शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



CMYK

## खबरें फटाफट

### चेयरमैन पद के लिए दूसरे दिन 4 ने किया आवेदन

**गाजीपुर।** नगर पालिका चुनाव में समाजवादी पार्टी से अध्यक्ष पद के उम्मीदवार और सभासद के टिकट के लिए कुल 15 प्रत्याशियों ने आवेदन किया। निवर्तमान विधानसभा अध्यक्ष तहसीन अहमद ने बताया कि बुधवार को अध्यक्ष पद के लिए चार आमिर अली, अशोक अग्रहरी, नरेंद्र कुशवाहा और अतीक राईनी ने आवेदन किया। सभासद के लिए कुल 11 प्रत्याशियों ने आवेदन किया है। अबतक दो दिनों में कुल अध्यक्ष पद के लिए आठ और सभासद के लिए 34 लोगों ने आवेदन दिया है।

### मवेशियों के साथ तस्कर गिरफ्तार

**मऊ।** हलधरपुर पुलिस ने बुधवार की सुबह रतनपुरा भीमपुरा तिराहे के समीप एक पिकअप पर लदे आर्धा दर्जन मवेशियों के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि पुलिस को देखकर चालक व उसका साथी वाहन छोड़कर भागने लगे। लेकिन, पुलिस ने चालक को पकड़ लयिा। चालक नसीराबाद खुर्द निवासी स्व. मुन्ना का बेटा महबुब अहमद बताया जा रहा है। हलधरपुर थाना अंतर्गत नदौली निवासी अमलेश यादव की गाड़ी चलता है। वो अपने गांव के एक साथी अरबाज के साथ अवैध गोवंश को लादकर सप्लाई करने का कार्य करता है। जिसके बाद उसे सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू की गई।

### तोड़ी गई शराब की अवैध भट्ठियां

**बलिया।** जिले के मनियार थाना के नवागत थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में अवैध रूप से संचालित दारू की भट्ठियों पर तोड़फोड़ की एवं काफी मात्रा में लहन नष्ट किया। यह कार्रवाई मनियर दियरा टुकड़ा नंबर दो व घाघरा नदी के तटवर्ती इलाके दियारे में बन रही शराब की अवैध भट्ठियों पर की गई। शराब बनाने वाले भागने में सफल रहे। पुलिस ने भारी मात्रा में दारू बनाने के उपकरण लहन नष्ट किया।

### आरोपी ने कोर्ट में किया सरेंडर

**बलिया।** बांसडीहरोड थाना क्षेत्र में पिछले 10 दिनों से पुलिस की आंख की किरकिरी बने 25 हजार रुपए के इनामी ने कोर्ट में सरेंडर कर दिया। बताया जाता है कि मारपीट के दौरान हवाई फायरिंग करने के आरोप में ज्ञानेंद्र सिंह फरार चल रहा था। पुलिस अधीक्षक ने आरोपी के खिलाफ 25 हजार रुपए का इनाम भी घोषित कर दिया था। जिसके बाद मंगलवार को उसने पुलिस को चकमा देकर कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया।

# शिकंजा: मुख्तार अंसारी की मनी लॉन्ड्रिंग केस में बढ़ीं मुश्किलें, हिरासत में लेगी ईडी

केटी न्यूज/गाजीपुर/इलाहाबाद

- पूछताछ के लिए कस्टडी में लेगी ईडी, जरूरी प्रक्रिया शुरू
- ईडी चार्जशीट दाखिल किए जाने को भी आधार बनाएगी

पूर्वांचल के माफिया डॉन के तौर पर बदनाम बाहुबली मुख्तार अंसारी और उसके परिवार की मुश्किलें एक बार फिर बढ़ने वाली हैं। ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय ने फिर से मुख्तार अंसारी पर शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। मनी लॉन्ड्रिंग केस में विधायक बेटे अब्बास अंसारी और साले सरजील रजा उर्फ आतिफ को गिरफ्तार कर जेल भेजने के बाद ईडी की टीम अब मुख्तार अंसारी को अपनी कस्टडी में लेकर उससे पूछताछ करने की तैयारी में है। ईडी की टीम ने इसके लिए जरूरी प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। ईडी की टीम ने प्रयागराज की स्पेशल कोर्ट से मुख्तार अंसारी का प्रोडक्शन वारंट हासिल कर लिया है। इस वारंट को मंगलवार को बांदा जेल में तामील कराया जा सकता है। ईडी की अर्जी पर जारी हुए प्रोडक्शन वारंट पर मुख्तार अंसारी को 15 दिसंबर को प्रयागराज की स्पेशल कोर्ट में पेश किया जाएगा। मुख्तार अंसारी को सुरक्षा के कड़े इंतजामों के बीच बांदा से प्रयागराज लाया जाएगा।



### बयानों को कराया जाएगा क्रॉस चेक

उम्मीद जताई जा रही है कि 15 दिसंबर को जब मुख्तार अंसारी को स्पेशल कोर्ट में पेश किया जाएगा, तो इसके बाद ईडी की टीम उसको अपनी कस्टडी में लेने के लिए कोर्ट में अर्जी दाखिल करेगी। ईडी की तरफ से कोर्ट में यह दलील दी जाएगी की विधायक बेटे अब्बास अंसारी, साले सरजील रजा और सांसद भाई अफजाल अंसारी समेत परिवार के दूसरे सदस्यों और कंपनी से जुड़े लोगों के बयान से सामने आई जानकारियों को वेरीफाई कराया जाना है और उसे क्रॉस चेक किया जाना है. ऐसे में मुख्तार अंसारी को कस्टडी में लेकर उससे पूछताछ किया जाना बेहद जरूरी है।

**14 दिन के लिए मांगी जाएगी कस्टडी :** ईडी की टीम पिछले साल नवंबर महीने में भी बांदा जेल जाकर मुख्तार अंसारी का बयान दर्ज कर चुकी है। ईडी के सूत्रों का दावा है कि पहली बार में 14 दिनों के लिए मुख्तार अंसारी की कस्टडी मांगी जाएगी। बाहुबली मुख्तार अंसारी को अपनी कस्टडी में लेने के लिए ईडी चार्जशीट दाखिल किए जाने को भी आधार बनाएंगी। ईडी ने मुख्तार अंसारी के खिलाफ पिछले साल मार्च महीने में मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया था। ईडी अबतक मुख्तार के परिवार के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, इसमें उसके विधायक बेटे अब्बास अंसारी और साले सरजील रजा का नाम शामिल है।

## विवाह योजना के तहत 500 जोड़ों की हुई शादी, परिवहन मंत्री व विधायक ने दिया आशीर्वाद

# योग्यता के अनुसार विवाहित जोड़ों को नौकरी और रोजगार दिलाने का होगा प्रयास : मंत्री

- एक बस अड्डा बनवाने व विभिन्न रूटों पर तीन बसों को चलवाने की हुई घोषणा
- बांसडीह क्षेत्र में अगले वर्ष योजना से एक हजार एक शादी कराने की होगी तैयारी

केटी न्यूज/बलिया

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत बुधवार को समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में शिवरामपुर स्थित बांसडीह महाविद्यालय में जनपद के विभिन्न ब्लाकों के पांच सौ जोड़े का वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन परिवहन मंत्री दयशंकर सिंह, विधायक केतकी सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू व नागेंद्र पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं, परिवहन मंत्री व विधायक ने नवविवाहित जोड़ों को उपहार व आशीर्वाद देकर बधाई दी। विवाह समारोह में हजारों की संख्या में जिले के अलग-अलग स्थानों से लोगों ने शिरकत किया था। सामूहिक विवाह को आजमगढ़ के प्रभारी रणविजय सिंह एवं बलिया गायत्री मंदिर के आचार्यों की टीम ने वैदिक रीति से विवाह कराया।



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत बुधवार को विवाह में शामिल जोड़े

सामूहिक विवाह समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आमलोगों के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से गरीब परिवार की बालिकाओं व बालकों का विवाह कराया जा रहा हैं। सामूहिक विवाह के बाद सरकार इन नवविवाहित जोड़ों को उनकी योग्यता के अनुसार नौकरी व रोजगार का लाभ दिलाने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने विधायक केतकी सिंह के अनुरोध पर बलिया से बांसडीह क्षेत्र में एक बस अड्डा बनवाने व विभिन्न रूटों पर तीन बसों को चलवाने की घोषणा की। वहीं, विधायक ने नवविवाहित जोड़ों को बधाई देते हुए कहा की सरकार योजना से सामान सहित 51 हजार रुपए दे रही हैं। उन्होंने बांसडीह क्षेत्र में अगले वर्ष योजना से एक हजार एक शादी कराने की घोषणा किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू, नागेन्द्र पाण्डेय, अश्वनी सिंह लिटिल, राणा प्रताप यादव, समाज कल्याण अधिकारी विनोद सिंह, पूनम गुप्ता, रंजना सिंह, अरूण सिंह, अभिजीत तिवारी बब्लू, प्रतुल ओझा आदि थे।

**विवाह के दौरान तैनात रही पुलिस :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में सुरक्षा की दृष्टि से बांसडीह कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह सदल बल सहित जिले कई थानों की फोर्स, महिला कांस्टेबल, क्विक रिस्पांस टीम विवाह समापन तक मुस्तैद रहे।

### बलिया जनपद की 500 बेटियों के हाथ पीले कराने की तैयारी

केटी न्यूज/बलिया

समाज कल्याण विभाग की ओर से सामूहिक विवाह समारोह कराने की तैयारी शुरू हो चुकी है। इस वर्ष कुल 500 जोड़ों की शादी कराने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए शासन में 2.55 करोड़ जारी कर दिया है। पहले चरण में कुल चार ब्लॉकों के लाभार्थी होंगे। वर्ष 2017-18 में प्रदेश सरकार ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना को लागू किया। सरकार का मानना था कि शादी अनुदान योजना के लाभ से अधिकांश गरीब परिवार वंचित रह जाते हैं।

समारोह आयोजित कर गरीब बेटियों की धूमधाम से शादी कराए जाने से इस सरकारी योजना का लाभ अधिक से अधिक परिवार लाभ ले सकेंगे। शुरूआत में योजना के प्रत्येक जोड़े की शादी पर कुल 35 हजार रुपये खर्च करने का प्रावधान किया गया। वर्ष 2018-19 में इस धनराशि में बढ़ोतरी कर कुल खर्च 51 हजार रुपये खर्च करने का प्रावधान किया गया। इसमें 35 हजार रुपये बेटी में खाते में और 10 हजार रुपये बेटी को उपहार सामग्री तथा छह हजार रुपये वर व वधू पक्ष के लोगों के खाने आदि खर्च किए जाएंगे। इस वर्ष कुल 500 गरीब बेटियों की शादी कराने का लक्ष्य जिले को मिला है। जिला समाज कल्याण अधिकारी के अनुसार, इसके लिए शासन से धन प्राप्त हो चुकी है। बताया कि 14 दिसंबर को बांसडीह स्थित महाविद्यालय परिसर में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसकी तैयारियां की जा रही हैं। पहले चरण में कुल चार ब्लॉकों बांसडीह, बेरुआरबारी, मनियर व रेवती ब्लॉक के लाभार्थियों को शामिल किया जाएगा।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम को लेकर तैयारियां चल रही हैं। पंजीकृत लाभार्थियों के सत्यापन कराए जा रहे हैं। शासन से धनराशि प्राप्त हो चुकी है। - ***विनोद कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण, बलिया***

### पूर्व मंत्री की पेशी ना होने पर कोर्ट ने थानाध्यक्ष को फटकारा

**बलिया।** जिला कोर्ट ने थानाध्यक्ष को कड़ी फटकार लगाई। कोर्ट ने पूर्व मंत्री आनंद स्वरुप शुक्ला समेत अन्य आरोपियों को न्यायालय में पेश न करने पर नाराजगी जताई और आरोपियों को जल्द से जल्द कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत जानलेवा हमले के मामले में कोर्ट ने पूर्व मंत्री समेत सभी आरोपियों पर गैर जमानतीय वारंट जारी किया गया था।

मंगलवार को इसी मामले में अपर सत्र व विशेष न्यायाधीश एमपीएमएलए कोर्ट न्यायाधीश हुसैन अहमद अंसारी की अदालत सुनवाई कर रही थी। इस दौरान कोर्ट ने पूर्व मंत्री समेत अन्य आरोपियों को हाजिर नहीं होने और मामले में थानाध्यक्ष की ओर से कोई रिपोर्ट नहीं लगाने पर कड़ी आपत्ति जताई और आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है। बता दें कि अभियुक्त पूर्व मंत्री आनंद स्वरूप शुक्ला, दीपक पांडेय, आशुतोष पांडेय, रत्नेश यादव, मनीष तिवारी, अविनाश सिंह के विरुद्ध लगे आरोपों पर कोर्ट ने सुनवाई चल रही है। इससे पहले कोर्ट ने अभियुक्तों को आत्मसमर्पण करने के लिए एनबीडब्ल्यू जारी किया था। जिसके बाद सिर्फ अविनाश सिंह जिला कारागार से न्यायिक अभिरक्षा में कोर्ट में उपस्थित हुए। शेष अभियुक्तों के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी है। कोर्ट ने जमानतदारों को नोटिस जारी करने का भी आदेश दिया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने का भी आदेश दिया गया है।

## होमवर्क पूरा करने को लेकर भाई-बहन में झगड़ा, छात्रा ने फांसी लगा की आत्महत्या

केटी न्यूज/गाजीपुर

- स्कूल नहीं जाने के कारण घर में थी सुप्रिया
- गणित विषय की कॉपी पूरी होने के कारण दोनों के बीच हुआ था झगड़ा

जनपद के गहमर थाने के सायर गांव में भाई-बहन के झगड़े के बाद नाराज छात्रों ने रोशनदान में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में ले विधिक कार्रवाई में जुट गई है।

सेवराई तहसील क्षेत्र के सायर गांव निवासी संजय जायसवाल बतौर सफाई कर्मी रेवतीपुर ब्लाक अंतर्गत नसीरपुर गांव में कार्यरत हैं। जबकी इनकी पत्नी रिंकू जयसवाल आशा बहू के रूप में कार्य करती हैं। संजय के बड़े पुत्र 12 वर्षीय आयुष जयसवाल ने बताया कि बुधवार की सुबह करीब 11 बजे स्कूल न जाने के कारण वह एवं उसकी बहन घर पर ही थे। जबकि मम्मी-पापा अपने कार्य क्षेत्र में ड्यूटी के लिए गए हुए थे।

आयुष ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मैं कक्षा आठ में और दीदी कक्षा 11 में पढ़ती हैं। मैथ विषय की कॉपी पूरा न होने के कारण आयुष ने अपनी बड़ी बहन सुप्रिया जयसवाल (17) को होमवर्क पूरा करने के लिए कहा जिस पर सुप्रिया ने होमवर्क पूरा करने से मना कर दिया। इसे लेकर दोनों भाई-बहन में कहासुनी होने लगी। भाई ने बहन को गुस्से में मार दिया।



### 31 तक फसलों की बीमा कराने की अंतिम तिथि

**गाजीपुर।** जिला कृषि अधिकारी ने बताया है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर है। किसानों अनुरोध है कि जिनको अपने फसलों का बीमा कराना है वे 31 तक अपने फसलों का बीमा अवश्य करा लें। जिनका केसीसी बना हुआ है, यदि अपने फसलों का बीमा नहीं कराना चाहते हैं, तो 24 दिसंबर तक अपने बैंक शाखा से सम्पर्क कर यह लिखित रूप से अवगत करा दें कि हमारे फसल का प्रीमियम न काटा जाय। अन्यथा कि स्थिति में प्रीमियम काटकर संबंधित बीमा कंपनी को बैंकों द्वारा दे दिया जाएगा। किसान सुनिश्चित कर लें कि यदि उनके खाते से प्रीमियम कटा हो तो बैंक प्रीमियत की धनराशि बीमा कम्पनी को दी है, अथवा नहीं इसका प्रमाण पत्र बैंक से प्राप्त कर लें।

## पांडुलिपि विज्ञान व पुरालेख विद्या विभाग में जनपद के उमेश यादव को मिला स्वर्ण पदक

केटी न्यूज/गाजीपुर

जनपद के लाल ने शिक्षा के क्षेत्र में फिर कमाल किया है। बनारस स्थित काशी हिंदू विश्वविद्यालय में अध्ययनरत जिले के मोहम्दाबाद निवासी महेंद्र सिंह यादव के पुत्र उमेश यादव को हाल ही में हुए संपन्न दीक्षांत समारोह मे पांडुलिपि विज्ञान और पुरालेख विद्या विभाग में स्वर्ण पदक की उपाधि से नवाजा गया। यह पदक उन्हें अपने विभाग में सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया है।

इस उपलब्धि पर परिवार, मित्रों तथा अन्य सभी स्थानीय लोगों में हर्ष व्यक्त किया। उमेश का मानना है कि दुनिया में कोई भी काम असंभव नहीं है, महामना पंडित मदनमोहन मालवीय को अपना आदर्श मानते हुए अपने पढ़ाई में 100 प्रतिशत दिया। इस स्वर्ण पदक का सारा श्रेय उमेश ने अपने माता पिता और गुरुजन को दिया।



इसके पूर्व में उमेश ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के लॉ फैकल्टी से एलएलबी भी पूर्ण किया है और मौजूदा समय में इलाहाबाद उच्च न्यायालय में वकालत कर रहे है। उमेश बताते है कि उनका मेडलिस्ट होना ज़िले के युवाओं के लिए एक प्रेरणा से कम नहीं है। इससे जिले के युवा शिक्षा के क्षेत्र में चढ़बढ़ कर हिस्सा लेंगे और जिले का नाम निरंतर रौशन करेंगे। ज्ञात है कि काशी हिंदू विश्वविद्यालय देश के तीन श्रेष्ठ विश्वविद्यालय में वर्षों से अपना स्थान बनाए हुए है।

## गाजीपुर जिलाधिकारी ने धान क्रय केंद्र का निरीक्षण कर जानी सच्चाई

# किसानों को 48 घंटे में भुगतान होना जरूरी: डीएम

- धान वजन करने वाली मशीन तथा मापन यंत्र के निरीक्षण का निर्देश

केटी न्यूज/गाजीपुर

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने तहसील सेवराई के धान क्रय केंद्र गहमर का स्थलीय निरीक्षण कर धान क्रय के सम्बन्ध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होनें क्रय केन्द्र पर उपलब्ध अभिलेखों व किसानों के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली मूलभूत सुविधाओं तथा क्रय केंद्र उपकरणों तथा इलेक्ट्रानिक कांटा, नमी मापक यंत्र, बोरा, बैनर, धान का नमूना, टोकन रजिस्टर, डेली क्रय किए गए धान की स्थिति आदि के बारे जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान क्रय केन्द्र पर धान खरीद की स्थिति की जानकारी लेने पर बताया गया कि खरीद मानक के अनुरूप किया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिया है कि वह मंडी सचिव को प्रत्येक धान क्रय केंद्र पर भेजकर धान वजन करने वाली मशीन तथा मापन यंत्र का निरीक्षण करवा लें।



धान की मापी की जांच करती जिलाधिकारी

जिलाधिकारी ने पूछा कि यहां कितना भुगतान किया गया तथा कितना धान क्रय किया गया, यहां किसानों को 69 किसानों का धान क्रय किया गया। जिसमें 36 किसानों को ही भुगतान किया गया। जिलाधिकारी ने आदेश दिया कि किसानों को 48 घंटे में भुगतान होना चाहिए। यहां के लेखपाल को निर्देश दिया गया है कि वह सीमान्त किसानों को प्रत्येक गांव में जाकर जागरूक करते हुए धान क्रय केन्द्र पर ही अपना धान बिक्री करने के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने धान क्रय केंद्र प्रभारी को निर्देश दिया कि केन्द्र पर किसानों को बैठने के लिए पेयजल व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्था करें। जिससे किसानों को कोई परेशानी न होने पाए।निरीक्षण के उपरान्त जिलाधिकारी ने बिहार बार्डर स्थित बारा चौकी का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चौकी में बने बिल्डिंग खराब स्थिति में पाई गई। जिस पर जिलाधिकारी ने उसे ठीक कराते हुए साफ-सफाई रखने का निर्देश दिया। बारा चौकी पर बनाए गए बैरीकेटिंग टूटा पाया गया, जो आए दिन भारी वाहनों का आवागमन किया जा रहा था। जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि तत्काल उसे ठीक कराया जाए।

### 17 को आयोजित होगा पेंशनर दिवस

**गाजीपुर।** अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार सिंह ने सूचित किया है कि वित्त (सामान्य) अनुभाग-तीन द्वारा प्रत्येक वर्ष 17 दिसंबर को प्रदेश के प्रत्येक जनपद में पेंशनर दिवस आयोजित किया जाता है। पेंशनर्स दिवस को प्रभावकारी एवं सार्थक रूप से आयोजित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने जनपद के समस्त विभागाध्यक्षो व कार्यालयाध्यक्षों तथा सभी पेंशनर्स संगठनों के पदाधिकारियों को पेंशनर दिवस पर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। जिसमें कोविड-19 के प्रोटोकाल का ध्यान अवश्य रूप से रखा जाना है। शासन के निर्देश के क्रम में 17 दिसंबर 2022 शनिवार की दोपहर दो बजे, स्थल जिला पंचायत सभागार में आयोजित बैठक में स्वयं अथवा प्रतिनिधि के माध्यम से प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

## आबकारी अधिकारी का चेंबर में सोते वीडियो वायरल, डीएम बोलीं- जांच कर होगी कार्रवाई

केटी न्यूज/बलिया

सरकार तंख्वाह देती है काम करने के लिए, लेकिन जनपद के जिला आबकारी अधिकारी वीपी दूबे अपने चेंबर में कुर्सी पर सोना को ही अपनी ड्यूटी मानते हैं। वीडियो वायरल होने के बाद जिला आबकारी अधिकारी की कार्यशैली सवालों के घेरे में है। वहीं चचाओं का बाजार गर्म है। नशीली पदार्थ से जुड़े विभाग होने के कारण आबकारी विभाग को एक संवेदनशील विभाग माना जाता है। इधर जिस तरह बलिया से शराब की तस्करी हो रही है और आए दिन तस्कर पकड़े जा रहे हैं। ठीक से स्टॉक का मिलान हो जाए तो बड़ा खेल उजागर हो सकता है। लेकिन इन सब बातों से आबकारी अधिकारी को कोई फर्क नहीं पड़ता। आबकारी अधिकारी सोना को ही अपनी ड्यूटी मानते है। वीडियो वायरल होने के बाद उनकी कार्यशैली सवालों को घेरे में है।



मामले को लेकर जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल ने कहा कि सूचना मिली है कि ऐसा कुछ वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।